ग्रीन लैंड स्कूल के बाहर अभिभावकों का प्रदर्शन

फीस बढ़ोतरी और अतिरिक्त शुल्क वसूले जाने का किया विरोध, कटौती की मांग

अशवनी पाहवा/ अभिषेक जलोटा
लुधियाना | समर न्यूज़

शहर के प्रसिद्ध ग्रीन लैंड स्कूल की सिविल सिटी ब्रांच के बाहर शुक्रवार को बड़ी संख्या में अभिभावकों ने फीस बढ़ोतरी और अन्य अतिरिक्त शुल्कों को लेकर प्रदर्शन किया। अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन पर मनमाने ढंग से फीस वसूलने का आरोप लगाते हुए शुल्कों में कटौती की मांग की।

प्रदर्शन में शामिल अभिभावक साहिल कपूर ने आरोप लगाया कि स्कूल हर साल फीस में भारी बढ़ोतरी कर रहा है, जिससे आम परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अभिभावक फीस देने से पीछे नहीं हट रहे, लेकिन स्कूल की ओर से लगाए जा रहे अतिरिक्त शुल्कों पर आपत्ति है। उन्होंने कहा कि स्कूल की ओर से री-एडमिशन फीस, एग्जामिनेशन फीस और मेंटेनेंस चार्ज के नाम पर अतिरिक्त राशि ली जा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जो बच्चे पहले से स्कूल में पढ़ रहे हैं, उनसे हर साल री-एडमिशन फीस क्यों ली जा रही है। उन्होंने दावा किया कि एक बच्चे से करीब 10,500 रुपये री-एडमिशन फीस ली जा रही है। जिन परिवारों के दो या तीन बच्चे स्कूल में पढ़ते हैं, उन्हें 30 से 32 हजार रुपये तक अतिरिक्त भुगतान करना पड़ रहा है। अभिभावकों ने कहा कि वे पहले ही मासिक फीस, परीक्षा शुल्क और अन्य शैक्षणिक खर्च जमा कर रहे हैं। इसके बावजूद अतिरिक्त चार्ज लगाना उचित नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारी फीस लेने के बावजूद स्कूल की ओर से सुविधाएं भी संतोषजनक नहीं दी जा रही हैं। उन्होंने स्कूल प्रबंधन से अतिरिक्त शुल्कों को कम करने की अपील की।

GREEN LAND CONVENT SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE
(यह समस्या हर साल की है)
"हम सब अपने बच्चों के लिए और आपके बच्चों के लिए"
स्कूल वालों से बढ़ती हुई फीस के बारे में बात करने आयें है
इस काम में आप भी हमारा साथ जरूर दें!
"प्रिंसिपल मैम आप ही हमारी उम्मीद हैं।"
एकता में बल है

स्कूल के बाहर प्रदर्शन करते अभिभावक। फोटोः आकाश मांडी

एग्जामिनेशन फीस कम की गईः प्रिंसिपल

वहीं, स्कूल के प्रिंसिपल ने अभिभावकों के आरोपों पर सफाई देते हुए कहा कि एग्जामिनेशन चार्ज को लेकर अभिभावकों की आपत्ति थी। उन्होंने बताया कि पहले परीक्षा शुल्क 2000 रुपये से अधिक था, जिसे कम कर 1720 रुपये कर दिया गया है। वहीं, प्री-नर्सरी कक्षाओं के लिए परीक्षा शुल्क पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। प्रिंसिपल ने कहा कि अभिभावकों में परीक्षा शुल्क बढ़ने को लेकर भ्रम था, जबकि स्कूल ने शुल्क बढ़ाने की बजाय कम किया है। उन्होंने कहा कि स्कूल की ओर से किताबों का वजन नहीं बढ़ाया गया है और संस्थान सीबीएसई व सरकार के निर्धारित नियमों के अनुसार ही संचालित हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल कभी भी सरकारी नियमों के खिलाफ कोई कार्य नहीं करता।

श्री दंडी स्वामी मंदिर में श्री भक्तमाल कथा आज से

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़

सिविल लाइन स्थित श्री सिद्ध पीठ श्री दंडी स्वामी मंदिर में आज से सात दिवसीय श्री भक्तमाल कथा का शुभारंभ प. श्री राज कुमार शर्मा जी की अध्यक्षता में होनी जा रही है।बता दे आज 7 अगस्त से 14 अगस्त 2026 तक प्रतिदिन सायं 6 बजे से रात 8:30 बजे तक किया जाएगा।

कथा का वाचन श्री धाम वृन्दावन से प्रसिद्ध कथावाचक श्री गौरदास जी महाराज द्वारा किया जा रहा है। इसका आयोजन श्री सिद्ध पीठ सेवा परिवार एवं श्री राधा गोविंद संकीर्तन मंडल (सेवक सिद्ध पीठ) द्वारा किया जा रहा है।प. शर्मा जी ने आग्रह किया कि कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को श्री भक्तमाल कथा का आध्यात्मिक संदेश सुनने और भक्ति भाव से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

इंसानियत हुई शर्मसारः सगे पिता ने किया नाबालिग बेटी से दुष्कर्म

मां की शिकायत पर कार्रवाई, गिरफ्तारी के लिए छापे

अशवनी पाहवा | लुधियाना
समर न्यूज़

जमालपुर इलाके में रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। एक पिता पर अपनी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता की मां ने बताया कि 5 अगस्त को उसकी बेटी घर पर अकेली थी। उस समय उसका 45 वर्षीय पति तबीयत खराब होने के कारण काम पर नहीं गया था। शाम को जब वह घर लौटी तो बेटी डरी-सहमी हुई थी। पूछने पर उसने पूरी घटना बताई। पीड़िता के अनुसार, वह अपना काम खत्म कर कमरे में आराम कर रही थी। इसी दौरान उसका पिता कमरे में आया और उसके साथ दुष्कर्म किया। वारदात के बाद आरोपी ने किसी को घटना बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

जांच अधिकारी एएसआई परमजीत सिंह के अनुसार, आरोपी एक साइकिल फैक्ट्री में काम करता है। पीड़िता ने अपने बयान में यह भी बताया कि करीब एक माह पहले भी आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया था और धमकाकर चुप रहने के लिए मजबूर किया था। दूसरी बार घटना होने पर उसने हिम्मत जुटाकर अपनी मां को पूरी बात बताई। आरोपी के तीन बच्चे हैं।

मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर थाना जमालपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 4 और 6 के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने पीड़िता के बयान दर्ज करने, मेडिकल परीक्षण और अन्य कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

भव्य सावन शिवरात्रि महोत्सव 11 अगस्त को

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़

श्री गौ रक्षणी सभा एवं श्री महाकाल श्रृंगार सेवा समिति एनजीओ की ओर से सावन शिवरात्रि की उपलक्ष में 18वां भव्य सावन शिवरात्रि महोत्सव 11 अगस्त दिन मंगलवार को शाम 5 बजे से भोले बाबा की इच्छा तक प्राचीन शिव मंदिर गौशाला रोड शमशान घाट लुधियाना में बड़ी धूमधाम से करवाया जा रहा है यह जानकारी महापुरुष श्री शिवनंदी दास श्री पंचायती बड़ा उदासीन अखाड़ा ने दी। उन्होंने कहा कि जिसमें भोले बाबा का गुणगान लविश लव एंड पार्टी वह एरिक अमरोही एंड पार्टी द्वारा गुणगान किया जाएगा व मंच संचालन खली जी द्वारा की जाएगी।

महोत्सव के निमंत्रण पत्र लुधियाना के सभी राजनीतिक धार्मिक व सामाजिक गणमान्य को दिए गए व आप सभी भी परिवार सहित उपस्थित होकर भोले बाबा का आशीर्वाद ले । उन्होंने कहा कि जिसमें सुबह 5:00 बजे रुद्राभिषेक होगा व 9 बजे हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

झपटमारी के बाद एफआईआर की जगह सांझ केंद्र भेजने का आरोप

पीड़ित बोला- कई चक्कर लगाने के बाद भी सुनवाई नहीं

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

बस्ती जोधेवाल थाना क्षेत्र में राह चलते एक व्यक्ति से मोबाइल झपटने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि वारदात के बाद उसने कई बार थाना बस्ती जोधेवाल पहुंचकर शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने झपटमारी का मामला दर्ज करने के बजाय उसे सांझ केंद्र भेज दिया।

वहीं, थाना प्रभारी का कहना है कि मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं है। यदि झपटमारी हुई है तो जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार, पीड़ित रमेश कुमार रविवार शाम काम से घर लौट रहा था। वह जैसे ही कैलाश नगर के पास पहुंचा, तभी होंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक उसके पास आए और उसके हाथ से मोबाइल फोन झपटकर फरार हो गए। रमेश ने शोर मचाया, लेकिन आरोपी तेज रफ्तार से मौके से निकल गए।

पीड़ित का आरोप है कि घटना के तुरंत बाद वह थाना बस्ती जोधेवाल पहुंचा और पूरी घटना की जानकारी देकर झपटमारी की शिकायत दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने शिकायत दर्ज करने के बजाय उसे सांझ केंद्र जाकर मोबाइल गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराने की सलाह दी, ताकि वह नई सिम प्राप्त कर सके। रमेश कुमार का कहना है कि उसका मोबाइल न तो गुम हुआ है और न ही चोरी हुआ, बल्कि उससे झपटमारी की गई है। पुलिस को झपटमारी का मामला दर्ज कर कार्रवाई करनी चाहिए थी।

फैक्ट्री कर्मी से मोबाइल झपटने वाले दो गिरफ्तार

राजवीर बख्शी | लुधियाना
समर न्यूज़

बस्ती जोधेवाल थाना पुलिस ने फैक्ट्री कर्मी से मोबाइल फोन झपटने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से झपटा गया मोबाइल समेत कुल तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद अन्य मोबाइल फोन भी किसी अन्य वारदात से जुड़े हैं या नहीं। शिव शंकर गिरी फैक्ट्री में ड्यूटी खत्म करने के बाद घर लौट रहे थे। इसी दौरान एक्टिवा पर सवार दो युवकों ने उनका मोबाइल फोन झपट लिया और मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उनसे तीन मोबाइल बरामद हुए।

सतपॉल मित्तल स्कूल के छात्र कियान बेरी को यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी में 100% स्कॉलरशिप

1.35 करोड़ से अधिक की छात्रवृत्ति हासिल कर बढ़ाया शहर का मान

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़

सत पॉल मित्तल स्कूल, लुधियाना के छात्र कियान बेरी ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी में पढ़ाई के लिए 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप प्राप्त की है। छात्रवृत्ति की कुल राशि 1.35 करोड़ से अधिक बताई गई है। इस उपलब्धि के लिए कियान को टीम आयुष जैन की ओर से करियर काउंसलिंग और एडमिशन मार्गदर्शन दिया गया।

यह छात्रवृत्ति सीमित संख्या में चयनित प्रतिभाशाली छात्रों को प्रदान की जाती है। कियान की सफलता को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ नेतृत्व क्षमता, जिज्ञासा, पहल, व्यक्तित्व और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने की क्षमता से भी जोड़ा गया है। टीम आयुष जैन के संस्थापक एवं करियर काउंसलर आयुष जैन ने कहा कि विश्व की शीर्ष यूनिवर्सिटियां केवल अच्छे अंकों पर ही ध्यान नहीं देतीं, बल्कि छात्र के उद्देश्य, नेतृत्व, मौलिक सोच और व्यक्तिगत उपलब्धियों को भी महत्व देती हैं। उन्होंने कहा कि सही रणनीति और मार्गदर्शन छात्रों को वैश्विक स्तर पर बेहतर अवसर दिलाने में मदद कर सकता है।

STUDY ABROAD WITH AYUSH
AYUSH JAIN
EDUCATION COUNSELOR
A PROUD MOMENT FOR LUDHIANA, PUNJAB & INDIA
AWARDED TO
KIAN BERI
SAT PAUL MITTAL SCHOOL, LUDHIANA
FOR SECURING THE PRESTIGIOUS
SYDNEY INTERNATIONAL UNDERGRADUATE ACADEMIC EXCELLENCE SCHOLARSHIP
THE UNIVERSITY OF SYDNEY
100% SCHOLARSHIP
APPROX. VALUE
₹1.35 CRORE +
100% TUITION FEES
DREAM. BELIEVE. ACHIEVE.

खड़ियां वाला सरकारी स्कूल को 12वीं तक अपग्रेड करेंः बग्गा

बोले- बेटियों को पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़े

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

हल्का उत्तरी से विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने अपने विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 87 स्थित खड़ियां वाला सरकारी स्कूल को 10वीं से बढ़ाकर 12वीं तक अपग्रेड करने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि स्कूल की नई इमारत पूरी तरह तैयार हो चुकी है, इसलिए सरकार को जल्द इसे सीनियर सेकेंडरी स्तर तक मंजूरी देनी चाहिए, ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों, विशेषकर बेटियों को आगे की पढ़ाई के लिए दूसरे इलाकों में न जाना पड़े।

विधायक बग्गा ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा स्कूल भवन के निर्माण के लिए पहले ही फंड जारी किए गए थे। अब भवन का निर्माण पूरा हो चुका है और स्कूल में आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। ऐसे में 10वीं तक संचालित इस स्कूल को 12वीं तक अपग्रेड करना समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्कूल के 12वीं तक अपग्रेड होने से आसपास के सैकड़ों विद्यार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा। विशेषकर छात्राओं को दूर-दराज के स्कूलों में पढ़ाई के लिए जाने की मजबूरी नहीं रहेगी। इससे उनकी शिक्षा सुचारु रूप से जारी रहेगी और अभिभावकों की चिंता भी कम होगी।

स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, यात्रियों की हो रही गहनता से जांच

पीड़ित बोला- कई चक्कर लगाने के बाद भी नहीं हुई सुनवाई



सुनील | लुधियाना
समर न्यूज़

आगामी स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर लुधियाना रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह चाक-चौबंद कर दिया गया है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए जीआरपी और आरपीएफ की ओर से संयुक्त रूप से लगातार निगरानी और तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं। जीआरपी के डीएसपी तथा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जतिंदर सिंह स्वयं सुरक्षा प्रबंधों का निरीक्षण कर रहे हैं और समय-समय पर विभिन्न टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दे रहे हैं।

रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले प्रत्येक यात्री और उनके सामान की मेटल डिटेक्टर तथा अन्य सुरक्षा उपकरणों की सहायता से गहन जांच की जा रही है। प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, पार्सल कार्यालय, पार्किंग क्षेत्र और स्टेशन परिसर के अन्य संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती बढ़ा दी गई है। स्टेशन के प्रवेश और निकास मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है और प्रत्येक व्यक्ति की गतिविधियों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार नजर रखी जा रही है। अधिकारियों ने यात्रियों से अपील की है कि यदि उन्हें कोई संदिग्ध व्यक्ति, लावारिस वस्तु या संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो इसकी सूचना दें।

खन्ना में चन्नी समर्थकों के होर्डिंग्स से बढ़ी हलचल

समर न्यूज़ | खन्ना

पंजाब कांग्रेस में जारी अंदरूनी कलह एक बार फिर खुलकर सामने आ गई है। 8 अगस्त को सत्कार पैलेस में होने वाले 'हर बूथ, कांग्रेस मजबूत' कार्यक्रम से पहले शहर में लगे होर्डिंग्स ने नई राजनीतिक चर्चा छेड़ दी है। इन होर्डिंग्स में पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी की तस्वीर को सबसे प्रमुखता से दिखाया गया है, जबकि अन्य वरिष्ठ नेताओं की तस्वीरें अपेक्षाकृत छोटी हैं।

इसे चन्नी समर्थकों के शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। खन्ना जिला कांग्रेस पहले से ही दो खेमों में बंटी हुई है। पूर्व मंत्री गुरकीरत सिंह कोटली और जिला अध्यक्ष लखबीर सिंह लक्खा को चन्नी खेमे के करीब माना जाता है, जबकि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शमशेर सिंह दूलो को राजा वड़िंग का करीबी माना जाता है। अब पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल के 8 अगस्त के खन्ना दौरे पर सबकी नजरें टिकी हैं।

पांच दिवसीय प्रमुख ओरिएंटेशन फेस्टिवल में गुलाब सिद्धू, आदी और गुरमान के लाइव कॉन्सर्ट ने समां बांधा

सीटी यूनिवर्सिटी का निर्माण-2026 भव्य समापन के साथ संपन्न

गुलाब सिद्धू, आदी और गुरमान के लाइव कॉन्सर्ट ने समां बांधा

रविंदर | लुधियाना
समर न्यूज़

NEW PEOPLE. NEW EXPERIENCES. New You.
MEET THE STARCAST
CONNECT. COLLABORATE.

सीटी यूनिवर्सिटी का पांच दिवसीय प्रमुख ओरिएंटेशन फेस्टिवल निर्माण 2026 मनोरंजन, प्रेरणा, संस्कृति और छात्र सहभागिता के अद्भुत संगम के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो गया।

डिपार्टमेंट ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर की ओर से आयोजित इस भव्य आयोजन में हजारों नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को सी टी यूनिवर्सिटी की जीवंत संस्कृति, शैक्षणिक अवसरों और संस्थान की कार्यशैली से परिचित कराया गया।

उत्सव की शुरुआत भव्य उद्घाटन समारोह से हुई, जिसके बाद पांच दिनों तक विभिन्न आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए गए। दूसरे दिन प्रसिद्ध कॉमेडियन परविंदर सिंह और लोकप्रिय वेब सीरीज़ 'यार जिगरी कसूती डिग्री' की स्टार कास्ट ने अपनी हास्य प्रस्तुतियों और मनोरंजक संवादों से विद्यार्थियों को खूब हंसाया। तीसरे दिन पंजाबी संगीत जगत के लोकप्रिय गायक गुलाब सिद्धू ने आदी और गुरमान के साथ अपनी शानदार लाइव प्रस्तुति से माहौल को पूरी तरह संगीतमय बना दिया। विद्यार्थियों ने गीतों पर झूमते और गाते हुए इस शाम का भरपूर आनंद लिया, जो पूरे उत्सव का सबसे यादगार आकर्षण बन गई।

चौथे दिन प्रसिद्ध पंजाबी गायक एवं अभिनेता गगन कोकरी के साथ आयोजित फायरसाइड चैट ने विद्यार्थियों को नई प्रेरणा दी। उन्होंने अपने संघर्ष, सफलता की यात्रा और जीवन के अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने, निरंतर मेहनत करने और हर अवसर का आत्मविश्वास के साथ लाभ उठाने का संदेश दिया।

पांचवें और अंतिम दिन द मिर्ज़ा बैंड की ऊर्जावान लाइव प्रस्तुति के साथ निर्माण 2026 का भव्य समापन हुआ। बैंड की शानदार प्रस्तुति ने पूरे परिसर को उत्साह और उल्लास से भर दिया तथा पांच दिवसीय आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया।

इस अवसर पर चांसलर सरदार चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा कि निर्माण केवल एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की नई यात्रा की शुरुआत है। सीटी यूनिवर्सिटी में हम ऐसा वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो विद्यार्थियों में ज्ञान, नवाचार, नेतृत्व क्षमता और समग्र विकास को बढ़ावा दे तथा उन्हें वैश्विक स्तर पर सक्षम नागरिक बनाए।"

प्रो-चांसलर डॉ. मनबीर सिंह ने कहा, "निर्माण 2026 सी टी यूनिवर्सिटी की उस सोच का प्रतीक है। कार्यक्रम में चांसलर सरदार चरणजीत सिंह चन्नी, प्रो-चांसलर डॉ. मनबीर सिंह, वाइस चेयरमैन हरप्रीत सिंह, वाइस-चांसलर डॉ. नितिन टंडन, रजिस्ट्रार संजय खंडूरी तथा डिपार्टमेंट ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर के निदेशक एर. दविंदर सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम

दयानंद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में रिसर्च डे-2026 का आयोजन

डॉ. राजीव बहल बोले- मरीजों तक लाभ पहुंचाना हो शोध का उद्देश्य

लक्की मेहता| लुधियाना
समर न्यूज़

दयानंद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (डीएमसी एंड एच) में शुक्रवार को रिसर्च डे-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 300 से अधिक फैकल्टी सदस्य, शोधकर्ता और एमबीबीएस, एमडी-एमएस व डीएम-एमसीएच के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस दौरान चिकित्सा अनुसंधान को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों में शोध की भावना विकसित करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने कहा कि शोध का उद्देश्य केवल नई जानकारी जुटाना नहीं, बल्कि उसका लाभ मरीजों तक पहुंचाना भी होना चाहिए। उन्होंने फैकल्टी सदस्यों और युवा शोधकर्ताओं से क्लीनिकल ट्रायल में अधिक भागीदारी करने, शोध को उपचार से जोड़ने और राष्ट्रीय स्वास्थ्य जरूरतों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं नैतिक शोध करने का आह्वान किया।

CH DAY
26
LIFE TIME ACHIEVEMENT AWARD
Dr Ajit Sood

उन्होंने डीएमसी एंड एच में शोध के लिए तैयार किए गए बेहतर माहौल की सराहना भी की। कार्यक्रम के दौरान संस्थान की रिसर्च एंड डेवलपमेंट पॉलिसी भी जारी की गई। साथ ही बेस्ट एब्स्ट्रैक्ट, ओरल प्रेजेंटेशन और ई-पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। एमबीबीएस, एमडी/एमएस और डीएम/एमसीएच वर्ग के विजेताओं को 25-25 हजार रुपये की नकद पुरस्कार राशि दी गई, जबकि सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। ई-पोस्टर प्रतियोगिता के एमबीबीएस वर्ग में सिदाकबीर सिंह पॉल प्रथम और अहान बंसल द्वितीय रहे। एमडी/एमएस वर्ग में शैना गुप्ता प्रथम, हिमांशु द्वितीय तथा जन्नत सेखों और गुरप्रसाद सिंह संयुक्त रूप से तृतीय रहे। डीएम/एमसीएच वर्ग में उज्ज्वल महाजन प्रथम और हिमांशु गर्ग द्वितीय स्थान पर रहे। ओरल प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में हृदया महाजन ने पहला, योगेश कुमार ने दूसरा तथा नमित सिंगला और ऋत्विक गुप्ता ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। पारुल और कशिश अग्रवाल को विशेष प्रशंसा सम्मान से नवाजा गया।

डीएमसी एंड एच मैनेजिंग सोसायटी के सचिव बिपिन गुप्ता ने कहा कि शोध संस्थान की अकादमिक और क्लीनिकल उत्कृष्टता का आधार है। कार्यक्रम में डीएमसी एंड एच के प्रिंसिपल डॉ. जीएस वांडर, मैनेजिंग सोसायटी के कोषाध्यक्ष मुकेश वर्मा, डीन अकादमिक्स डॉ. संदीप कौशल, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. संदीप शर्मा, चीफ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. बिशव मोहन, एडिशनल मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. आशिमा तनेजा, रिसर्च एंड डेवलपमेंट कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

एफएंडसीसी के दो सदस्यों का चुनाव 11 सितंबर तक

समर न्यूज़ | लुधियाना

नगर निगम की फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट कमेटी के दो सदस्यों की नियुक्ति को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने अहम आदेश दिए हैं। याचिकाकर्ता और कांग्रेस पार्षद गौरव भट्टी के अनुसार, अदालत ने नगर निगम कमिश्नर को 11 सितंबर तक दोनों सदस्यों का चुनाव करवाने को कहा है। भट्टी ने बताया कि चुनाव म्यूनिसिपल एक्ट के तहत नगर निगम हाउस की बैठक में वोटिंग के जरिए करवाया जाएगा और पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की जाएगी, ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

उन्होंने कहा कि लुधियाना में पहली बार एफएंडसीसी सदस्यों का चुनाव निगम हाउस में वोटिंग के माध्यम से होगा। भट्टी ने विधायक पुत्रों की नियुक्ति के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

पथरी की सर्जरी मात्र साढ़े तेरह हजार रुपये में

श्री गुरु हरिकृष्ण साहिब चैरिटेबल अस्पताल की स्थापना के पांच वर्ष पूरे

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़

श्री गुरु हरिकृष्ण साहिब जी के पावन प्रकाश पर्व व श्री गुरु हरिकृष्ण साहिब चैरिटेबल अस्पताल की स्थापना के पांच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में अर्बन एस्टेट, जमालपुर में मानव सेवा को समर्पित विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शुक्रवार सुबह गुरुद्वारा साहिब में सुबह 9 बजे कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसके बाद 10 बजे श्री अखंड पाठ साहिब का भोग डाला गया। इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधन ने जरूरतमंद मरीजों के लिए बड़ी घोषणा करते हुए बताया कि अब डायलिसिस सेवा, जिसके लिए पहले 650 रुपये शुल्क लिया जाता था, पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

अस्पताल प्रबंधक गुरप्रीत कौर और सविंदर पाल सिंह रीतू ने बताया कि आज से आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद मरीज बिना किसी शुल्क के डायलिसिस की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि मरीजों से डायलिसिस के लिए न तो रजिस्ट्रेशन शुल्क लिया जाएगा और न ही कंज्यूमेबल्स या किसी अन्य मद में कोई अतिरिक्त राशि वसूली जाएगी।

अस्पताल ने सर्जरी सेवाओं को भी बेहद रियायती दरों पर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। किडनी और पित्त की पथरी जैसी सर्जरी, जिन पर निजी अस्पतालों में सामान्यतः 25 हजार से 50 हजार रुपये तक खर्च आता है, अब यहां मात्र 13,500 रुपये में की जाएगी। पहले ही दिन 20 मरीजों की सर्जरी बुक की गई है।

इस अवसर पर गुरप्रीत कौर, गुरदेव सिंह, सविंदर पाल सिंह रीतू, अश्वनी छावड़ा, कृपाल सिंह, अमरीक सिंह मार्शल, डी.पी. सिंह, सुरजीत सिंह झग्गर, क्रिस्टल गियर के दर्शन सिंह, अमृतपाल सिंह, बलविंदर सिंह, चरणजीत सिंह, रविंदर सिंह, लखवी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह। एग्जीक्यूटिव एडिटर : नितिन उपमन्यु । मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। *समाचार चयन के लिए PRP एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्यायाधिकार क्षेत्र लुधियाना होगा। RNI No. CHMUL/25/A1155